विधान परिषद् के द्वितीय सत्र 2022 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–06 का उत्तरालेखः–

| प्रश्न संख्या | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 06 (क) | क्या मा0 शिक्षा मंत्री बतायेगें कि प्रदेश में कितने राजकीय इण्टर कालेज (बालक/बालिका) संचालित है? | प्रदेश में कुल 898 राजकीय इण्टर कालेज संचालित हैं, जिसमें 469 बालक संवर्ग एवं 429 बालिका संवर्ग के है। |
| (ख) | जनपद कानपुर नगर व उन्नाव तथा कानपुर देहात के राजकीय माध्यमिक संस्थाओं में कितने प्रधानाचार्य/ प्रधानाध्यापक कार्यरत हैं? | (तालिका नीचे) |

| जनपद का नाम | कार्यरत प्रधानाचार्य | कार्यरत प्रधानाध्यापक |
|---|---|---|
| कानपुर नगर | 03 | 16 |
| कानपुर देहात | 01 | 06 |
| उन्नाव | 02 | 21 |

(ग) उपरोक्त संदर्भित जनपदों में प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक के पदों के रिक्त पदों के सापेक्ष कब तक नियुक्ति की व्यवस्था करा दी जायेगी?

उत्तर:

प्रधानाध्यापक के रिक्त पदों (पदोन्नति) के प्रति चयन की कार्यवाही विभागीय चयन समिति के माध्यम से पूर्ण कर ली गयी है। पदस्थापन की कार्यवाही गतिमान है।

प्रधानाचार्य के पद 50 प्रतिशत सीधी भर्ती तथा 50 प्रतिशत पदोन्नति के माध्यम से लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाते है। सीधी भर्ती के 292 पदो की कार्यवाही लोक सेवा आयोग के स्तर पर गतिमान है तथा 50 प्रतिशत पदोन्नति कोटे के रिक्त पदों के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में योजित याचिका संख्या–31192/एसबी/2017 में पारित स्थगनादेश दिनांक 14.07.2021 द्वारा पदोन्नति कोटे के रिक्त पदो की कार्यवाही बाधित है।

**गुलाब देवी**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

OP DO1